Australian Government

NSW GOVERNMENT | sydney METRO

**Sydney Metro – Western Sydney Airport**




Airport Terminal Station की कलाकार द्वारा बनाई आवृत्ति

# Greater Western Sydney की नई मेट्रो रेलवे लाइन के लिए स्टेशन के स्थानों की पुष्टि हो गई है

**St Marys और Western Sydney Aerotropolis के बीच नई मेट्रो रेलवे लाइन Greater Western Sydney क्षेत्र के लिए सबसे मुख्य परिवहन साधन बन जाएगी।**

Sydney Metro – Western Sydney Airport प्रौजेक्ट के लिए स्टेशन के सही-सही स्थानों की अब पुष्टि हो गई है। स्टेशन निम्नलिखित स्थानों पर होंगे:

- St Marys
- Orchard Hills
- Luddenham
- Airport Business Park
- Airport Terminal
- Western Sydney Aerotropolis.

सिटी को आकार देने वाला मेट्रो रेल प्रौजेक्ट पश्चिमी सिडनी में राष्ट्रीय तौर पर महत्वपूर्ण वृद्धि का समर्थन करेगा, और इसमें पूरे Greater Sydney में मौजूदा तथा भविष्य के आवासी केन्द्रों तथा रोज़गार परिसरों के बीच तेज़ और कुशल पहुँच होगी।

प्रौजेट नए Western Sydney International (Nancy-Bird Walton) एयरपोर्ट को सेवा प्रदान करने के लिए अत्यावश्यक रेल कनेक्शन प्रदान करेगा और Western Sydney Aerotropolis तथा भविष्य के अन्य वाणिज्यिक व आवासीय परिसरों के लिए नियोजित वृद्धि का समर्थन करेगा।

Sydney Metro एक-जगह से दूसरी जगह आना-जाना अधिक आसान और तेज़ बनाएगी, नई नौकरियों तथा शैक्षिक अवसरों को घर के पास लाने का समर्थन करके आर्थिक उत्पादकता को बढ़ावा देगी।

प्रौजेक्ट Western Sydney के केन्द्रीय भाग में मुख्य रुप से आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करेगा, निर्माण-कार्य के दौरान 14,000 नई नौकरियों का समर्थन करेगा, तथा 250 नए एप्रेन्टिसशिप्स प्रदान की जाएँगी।

निर्माण-कार्य के 2020 के अंत में शुरु होने की योजना है।

## इसके अंदर

नई सिटी के लिए नए स्टेशन
नए स्टेशन डिज़ाइन करना
सुरंग बनाना, सेवाओं और बुनियादी सुविधाओं का समर्थन करना
ग्राहक को सबसे पहले ध्यान में रखा जाता है
समुदाय के साथ काम करना
प्लेसमेकिंग और स्टेशन के परिसर
शुरुआती जांच-पड़ताल
अगले कदम

# नई सिटी के लिए नए स्टेशन

Sydney Metro हितधारकों और उद्योग के साथ एक ऐसे प्रोजेक्ट का निर्माण करने के लिए काम कर रही है जो एक तेज़, सुरक्षित और विश्वसनीय मेट्रो डिलीवर करेगा, भविष्य के Western Parkland City की सफलता का समर्थन करेगा तथा क्षेत्र को शेष सिडनी के साथ जोड़ेगा।

## 1 St Marys metro Station



प्रस्तावित St Marys metro Station, St Marys पर मौजूदा Sydney Trains उपनगरीय रेल स्टेशन के नीचे स्थित होगा और इसमें दो प्रवेश-द्वार होंगे, पहला Station Street पर और दूसरा Harris Street पर।

यह मौजूदा T1 Western Line के साथ आसान, कुशल और सुलभ इंटरचेंज़ प्रदान करेगा।

स्टेशन में एक नया समतल पुल होगा जो स्टेशन परिसर के उत्तर और दक्षिण भाग को जोड़ेगा।

## 2 Orchard Hills Station



प्रस्तावित Orchard Hills Station, Lansdowne Road के उत्तर में Kent Road की पूर्वी ओर स्थित होगा।

स्टेशन का Kent Road पर एक प्रवेश-द्वार होगा और स्टेशन के पूर्वी ओर दूसरे प्रवेश द्वार का प्रावधान होगा।

स्टेशन भविष्य के आवासीय, वाणिज्यिक और मिले-जुले प्रयोग परिसर को सेवा प्रदान करेगा।


## 3 Luddenham Station



प्रस्तावित Luddenham Station, Warragamba पाइपलाइन और नए एयरपोर्ट के बीच Luddenham Road के करीब स्थित होगा।

स्टेशन का स्टेशन के प्लेटफॉर्मों के पश्चिमी ओर एक प्रवेश-द्वार होगा।

स्टेशन को Luddenham में भविष्य के रोज़गार, अनुसंधान और ज्ञान-आधारित रोज़गार परिसर, तथा साथ ही मिले-जुले प्रयोग के आवासीय विकास के समर्थन के लिए डिज़ाइन किया जाएगा।




प्रोजेक्ट संरेखण।

## 4 Airport Business Park Station



प्रस्तावित Airport Business Park Station, Western Sydney International एयरपोर्ट परिसर के केन्द्र में Elizabeth Drive के दक्षिणी ओर स्थित होगा।

Airport Business Park Station परिसर Western Economic Corridor में एक मुख्य रोज़गार और सेवा केन्द्र बन जाएगा।

मेट्रो स्टेशन बिजनस पार्क में काम करने वाले ग्राहकों के लिए एक मुख्य इंटरचेंज़ बन जाएगा।

## 5 Airport Terminal Station



प्रस्तावित Airport Terminal Station नए एयरपोर्ट तक ग्राहकों के लिए आसान और कुशल पहुँच सक्षम बनाएगा।

स्टेशन Greater Western Sydney के लिए अवसरों का निर्माण करेगा और इसे बाकी की दुनिया से जोड़ेगा।

## 6 Aerotropolis Station



प्रस्तावित Aerotropolis Station, Badgerys Creek Road के पूर्वी ओर स्थित होगा, तथा यह Western Sydney Aerotropolis के व्यापारिक केन्द्र को सेवा प्रदान करेगा।

इसके दो प्रवेश द्वार होंगे – पहला स्टेशन के पूर्वी ओर और दूसरा स्टेशन के पश्चिमी ओर।

Aerotropolis Station एक मुख्य परिवहन इंटरचेंज़ बन जाएगा, और यह Western Parkland City के भविष्य के नए सेंट्रल बिजनस डिस्ट्रिक्ट को महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।



Hills Showground Station, Metro North West Line.

## नए स्टेशन डिज़ाइन करना

स्टेशनों को दैनिक यात्राओं का आसान भाग बनने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

अत्याधुनिक टैकनोलजी ग्राहकों को कनेक्टिड रखती है – स्मार्टफोन ट्रैवल एप्पस का प्रयोग करके घर से यात्रा की योजना बनाने से लेकर मेट्रो स्टेशनों और ट्रेनों पर रियल-टाइम सूचना के साथ।

सभी स्टेशनों को उन स्थानीय क्षेत्रों की विशेषता को दर्शाने के लिए डिजाइन किया गया है जिनमें वे आते हैं, और जहाँ संभव हो इनमें पर्यावरणीय तौर पर अनुकूल विशिष्टताएँ शामिल हैं जैसे कि सोलर पैनल, प्राकृतिक रोशनी और वायु-संचालन।

नई मेट्रो सेवाओं को परिवहन के अन्य साधनों के साथ एकीकृत किया जाएगा, जिनमें Sydney उपनगरीय रेल के साथ तथा साथ ही बसों, लाइट रेल और नौकाओं के साथ इंटरचेंज़ शामिल हैं।

ऑस्ट्रेलिया की पहले पूरी तरह स्वचालित रेलवे के लिए ग्राहक सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता है।

हर समय, विशेषज्ञ ट्रेन नियंत्रकों की टीम सिस्टम पर नज़र रखेगी, और यह सुनिश्चित करेगी कि हर कुछ सुचारु रुप से संचालन कर रहा है।

## सुरंग बनाना, सेवाओं और बुनियादी सुविधाओं का समर्थन करना

St Marys और Orchard Hills स्टेशनों के बीच तथा Airport Terminal और Aerotropolis स्टेशनों के बीच जुड़वां मेट्रो सुरंगों का निर्माण किया जाएगा।

यह अनुमान लगाया जाता है कि Orchard Hills और Airport Business Park के स्थलों से टनल बोरिंग मशीनों का शुभारम्भ किया जाएगा।

सुरंगों में ताजी हवा का वायु-संचार करने और इन सुरंगों से आपातकालीन निकास उपलब्ध कराने के लिए Claremont Meadows और Bringelly पर सेवा सुविधा केन्द्रों का निर्माण किए जाने का प्रस्ताव है।

Sydney Metro ट्रेनों को खड़ी करने और इस विश्व-स्तरीय ड्राइवर-रहित मेट्रो रेलवे चलाने के लिए आवश्यक रखरखाव और संचालन सुविधा केन्द्र बनाने के लिए Orchard Hills पर एक स्टेबलिंग फसिल्टी का भी निर्माण करेगी।

नई एयरपोर्ट लाइन का नियंत्रण Sydney Metro Trains Facility – Orchard Hills से किया जाएगा।



Metro North West Line पर Rouse Hill पर स्थित Sydney Metro Trains Facility




Orchard Hills Station की कलाकार द्वारा बनाई आवृत्ति।

## ग्राहक को सबसे पहले ध्यान में रखा जाता है

नया मेट्रो रेल सिस्टम दैनिक यात्राओं का एक आसान भाग होगा। टैकनोलजी लोगों को उनकी यात्रा के सभी चरणों से जोड़े रखेगी – स्मार्ट फोन ट्रेवल एप्पस से लेकर मेट्रो स्टेशनों और ट्रेनों में रियल-टाइम यात्रा संबंधी सूचना तक।

यह डोर-टू-डोर विधि ग्राहकों को अपने रोज़ के काम पूरे करने में सहायता देगी, चाहे इसमें नौकरी पर, बैठकों में, स्कूल या शिक्षा परिसर में, खेलकूद करने, बाहर घूमने या इधर-उधर जाना – और, बेशक घर वापिस जाना शामिल हो। ग्राहकों के लिए उनकी यात्रा के प्रत्येक चरण को आसान बनाना Sydney Metro को सफलतापूर्वक डिलीवर करने का अभिन्न अंग है।

समुदायों, स्कूलों, अस्पतालों, मुख्य डेस्टीनेशनों और व्यापारों को नए मेट्रो सिस्टम से जोड़ना ग्राहकों को आकर्षित करने और बनाए रखने तथा साथ ही परिवहन एवं भूमि प्रयोग के व्यापक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए अहम है।

Sydney Metro ग्राहकों को आसानी से मेट्रो स्टेशनों पर लाने और वहाँ से ले जाने के लिए संपूर्ण सरकार और समुदाय के साथ काम करेगी।

## समुदाय के साथ काम करना

Sydney Metro के समर्पित सामुदायिक संबंध विशेषज्ञ हैं जिन्हें प्लेस मैनेजर कहते हैं जो Sydney Metro की ओर से स्थानीय समुदायों और हितधारकों के बीच संपर्क के माध्यम की भूमिका निभाते हैं।

शुरुआती सलाह-मशविरे के दौरान समर्पित प्लेस मैनेजर उपलब्ध हैं और वे प्रौजेक्ट के डिज़ाइन और डिलीवरी के दौरान उपलब्ध रहना जारी रखेंगे।

## प्लेसमेकिंग और स्टेशन के परिसर

The Sydney Metro – Western Sydney Airport प्रौजेक्ट एक अवसर है कि हम रेलवे स्टेशनों से आगे बढ़कर कुछ निर्माण करें। डिज़ाइन और डिलीवरी में उत्कृष्टता के द्वारा, Sydney Metro ऐसे स्थान डिलीवर करेगी जो:

- समुदाय की आवश्यकताओं पर प्रतिक्रिया करेंगे
- वास्तुकला के तौर पर अद्वितीय होंगे और जहाँ आना-जाना आसान होगा
- सहज और सुरक्षित होंगे, तथा लोगों के स्वास्थ्य एवं कल्याण का प्रसार करेंगे
- सक्रिय और जीवंत होंगे जहाँ कई प्रकार के प्रयोग और गतिविधियाँ होंगी।

शहरी डिज़ाइन सिद्धातों और प्लेसमेकिंग के प्रयोग के द्वारा, Sydney Metro के परिसर सिर्फ़ टेन पकड़ने के स्थान से कहीं अधिक सुविधाजनक स्थान होंगे – वे समुदायों के केंद्रीय स्थान बन जाएँगे और कई प्रकार के उपयोग प्रदान करेंगे।

Sydney Metro समुदायों और हितधारकों के साथ करीबी से काम करेगी कि ऐसे स्टेशनों जो जीवंत हों, हर किसी द्वारा आनन्द लेने के लिए स्वागत करने वाले परिसर हों, उन्हें लोगों के रहने, काम करने, खरीददारी और खेलकूद करने के स्थानों – तथा सैर करने, साइक्लिंग करने और सामाजिक मेल-मिलाप करने को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किए गए सार्वजनिक स्थानों के साथ एकीकृत कैसे किया जाए।



Sydney Metro का सामुदायिक समारोह।

## शुरुआती जांच-पड़ताल


Sydney Metro प्रौजेक्ट संरेखण के साथ-साथ स्थल पर जाँच-पड़ताल का काम करना भी जारी रख रही है ताकि रेलवे और स्टेशनों के नियोजन और डिज़ाइन में सहायता मिल सके। गतिविधियों में शामिल हैं: भू-तकनीकी जांच, शोर-शराबे पर नज़र रखना तथा विरासत व पारिस्थितिकी सर्वेक्षण। समुदाय को समय से पहले कार्यों की सूचना दी जाएगी।

Sydney Metro वर्तमान सरकारी सलाह के अनुसार अपने सभी प्रौजेक्टों में काम करना जारी रखेगी, और समुदाय के सदस्यों तथा कर्मचारियों को सुरक्षित रखने के लिए सामाजिक दूरी और यात्रा तथा स्वच्छता उपाय लागू करना जारी रखेगी। प्रौजेक्ट की निरंतरता को सुनिश्चित करने के लिए कार्यों को जारी रखना अहम है, तथा प्रौजेक्ट टीम आगे किन्हीं और अपडेट्स के अनुसार गतिविधियों की समीक्षा और इनका आकलन करेगी।

## Sydney Metro ऑस्ट्रेलिया का सबसे पहला पूरी तरह से सुलभ रेलवे है

मेट्रो पब्लिक ट्रांसपोर्ट उत्पाद का डिज़ाइन सुरक्षित, साफ, सुखद सेवाएँ प्रदान करने के लिए किया गया है जो समय पर चलेंगी, और सुलभ, सक्षम, सुविधाजनक और उपभोक्ताओं द्वारा प्रयोग किए जाने के लिए आसान होंगी।

Sydney Metro के स्टेशन उन लोगों के लिए पूरी तरह सुलभ हैं जो कम गतिशीलता से ग्रस्त हैं, जिनके पास प्रैम और बच्चे होते हैं। इसमें सभी स्टेशनों में प्लेटफॉर्म और ट्रेनों के बीच लेवल एक्सेस और लिफ्ट का होना शामिल है।



Sydney Metro ऑस्ट्रेलिया का सबसे पहला पूरी तरह से सुलभ रेलवे है।


## अगले कदम

The Sydney Metro – Western Sydney Airport परियोजना टीम सार्वजनिक प्रदर्शनी और सामुदायिक सलाह-मश्वरे के लिए विस्तृत नियोजन एवं पर्यावरणीय आकलन दस्तावेज़ तैयार करेगी।

परियोजना के लिए पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य सार्वजनिक प्रदर्शनी के लिए लगाया जाएगा।

प्रदर्शनी की अवधि के दौरान, समुदाय को निर्माण कार्य के प्रभावों, इससे आने वाली आवाज़ एवं कंपन, स्थल तक पहुँच और मेट्रो संचालनों सहित विषयों पर अपने मत प्रकट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

## Sydney Metro – Western Sydney Airport के लिए NSW की नियोजन प्रक्रिया




परियोजना टीम कई सामुदायिक सूचना सत्रों का आयोजन भी करेगी जहाँ Sydney Metro – Western Sydney Airport टीम के सदस्य सवालों का जवाब दे सकते हैं।

Click to play video
**Sydney Metro - Western Sydney Airport प्रौजेक्ट का संक्षिप्त विवरण**

## हमें संपर्क करें

**1800 717 703** सामुदायकि सूचना सेवा 24 घंटे खुली

**sydneymetrowsa@transport.nsw.gov.au**

**Sydney Metro – Western Sydney Airport**, PO Box K659, Haymarket NSW 1240

यदि आपको दुभाषिए की ज़रुरत है, तो TIS National को **131 450** पर संपर्क करें और उन्हें **1800 717 703** पर फोन करने के लिए कहें

© Sydney Metro 2020. 20182-WSA 0920 (Hindi)